Seat No. : _______________

# KG-106-H

**March-2014**

## S.Y. B.Com.

## (Annual Pattern)

## Corporate Accounting & Auditing

## (Adv. Accounting & Auditing – 3)

## Principal (Paper – III)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

**सूचना** : (1) दाहिनी ओर के अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं ।

(2) आवश्यक गणना उत्तर के भागरूप दर्शाइये ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर मुद्दासर लिखिये ।

1. राम लिमिटेड का लीला लिमिटेड में समावेश करना है । खरीद कीमत निश्चित करने में महत्त्व के मुद्दों में एक मुद्दा राम लिमिटेड के धंधा की ख्याति का मूल्य निर्धारित करना है । दोनों कम्पनियों ने निश्चय किया कि चार वर्ष के अधिक लाभ की औसत से चार गुनी रकम ख्याति की रकम गिनना । यह रकम आप एकाउन्टेन्ट के रूप में मूल्यांकन करते समय जो परिवर्तन आवश्यक मानते हों, के आधीन है । **12**

राम लिमिटेड के दो संचालक समावेश के बाद लीला लिमिटेड के संचालक बोर्ड में नियुक्त होंगे । उनके प्रत्येक की सेवा की कीमत वार्षिक ₹ 7,500 जितनी होगी और भविष्य में भी रहेगी । ऐसी सेवा के लिए राम लिमिटेड के लाभ के सामने कोई रकम उधार नहीं की गयी । राम लिमिटेड की अन्य जानकारी निम्नलिखित हैं :

| | ₹ |
|---|---|
| 1,500, 6% के संचयी अधिमान अंश प्रत्येक ₹ 100 वाले | 1,50,000 |
| 6,000 इक्विटी अंश प्रत्येक ₹ 100 वाले | 6,00,000 |
| लाभ-हानि खाता (जमा बाकी) | 45,000 |
| सामान्य अनामत | 30,000 |
| अन्य दायित्व | 69,000 |
| प्रो. फंड | 6,000 |
| अंतिम चार वर्ष का कुल लाभ (50% आयकर के प्रावधान के पूर्व) | 9,60,000 |
| पूँजी विनियोग पर सामान्य अपेक्षित दर | 8% |
| इस प्रकार के धंधा में विनियोजित पूँजी पर जोखिम का दर | 2% |

अवास्तविक सम्पत्तियाँ कुल सम्पत्तियों की 10% हैं । जबकि स्थायी सम्पत्तियाँ कुल सम्पत्तियों की 80% हैं । स्थायी सम्पत्तियों की बाजार कीमत उनकी बही कीमत से 20% अधिक हैं । जबकि चालू सम्पत्तियाँ ₹ 9,000 जितनी अधिक मूल्यांकित की गयी हैं ।

**अथवा**

1. मारुति लि. का 31-3-2013 के रोज का आर्थिक चिट्ठा निम्नलिखित है : **12**

| दायित्व | ₹ | सम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| 9000 इक्विटी अंश ₹ 100 वाले | 9,00,000 | मकान | 7,50,000 |
| 10% अधिमान अंश पूँजी | 3,00,000 | फर्नीचर | 4,50,000 |
| सामान्य अनामत | 90,000 | विनियोग | 90,000 |
| लेनदार | 2,10,000 | देनदार | 1,50,000 |
| देय विपत्र | 30,000 | रोकड़/बैंक | 90,000 |
| | **15,30,000** | | **15,30,000** |

**अन्य जानकारी :**

(1) मकान की बाजार कीमत 30% और फर्नीचर की बाजार कीमत 20% अधिक है ।

(2) विनियोगों की बाजार कीमत ₹ 1,05,000 है ।

(3) देनदारों में 10% डूबतऋण अपेक्षित हैं ।

(4) अपेक्षित मुआवजा का दर 12% है ।

(5) लाभांश बाँटने से पहले का औसत लाभ ₹ 2,22,000 है ।

(6) ख्याति की कीमत ₹ 1,26,000 गिननी है ।

उपरोक्त जानकारी पर से इक्विटी अंश की उचित कीमत (Fair Value) ज्ञात कीजिये ।

2. ता. 31-12-2013 के रोज जोखम लि. कम्पनी स्वैच्छिक समापन में जाती है । उस दिन उसका आर्थिक चिट्ठा निम्नानुसार है : **12**

| दायित्व | ₹ | सम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| अंश पूँजी : | | फ्रीहोल्ड फेक्टरी | 5,80,000 |
| 6,000, 5% संचयी अधिमान अंश ₹ 100 वाले सम्पूर्ण भरपाई | 6,00,000 | प्लान्ट और मशीनरी | 2,89,000 |
| | | मोटर वाहन | 57,500 |
| 50,000 इक्विटी अंश ₹ 10 वाले पूर्ण | | स्टोक | 1,86,000 |
| मंगावेल (घटाव : बाकी हप्ता ₹ 25,000) | 4,75,000 | देनदार | 74,000 |
| प्रतिभूति प्रीमियम खाता | 50,000 | लाभ-हानि खाता (उधार बाकी) | 2,14,000 |
| 5% ऋणपत्र | 1,00,000 | | |
| ऋणपत्रों पर बकाया ब्याज | 2,500 | | |
| बैंक ओवरड्राफ्ट | 58,000 | | |
| लेनदार | 1,15,000 | | |
| | **14,00,500** | | **14,00,500** |

अधिमान अंशों पर ता. 1-1-2010 से डिविडन्ड चुकाना बाकी है । कम्पनी के अन्तर्नियमों के अनुसार बाहरी दायित्व और समापन खर्च चुकाने के बाद सर्व प्रथम अधिमान अंशों का बाकी रहा सम्पूर्ण डिविडन्ड चुकाना है । इसके पश्चात् अधिमान अंशों की रकम प्रति अंश ₹ 12.50 के प्रीमियम के साथ चुकाना और अंत में यदि रकम शेष रहे तो इक्विटी अंशधारियों को चुकाना है ।

बैंक ओवरड्राफ्ट के लिए संचालकों ने गारन्टी दी थी जिसकी वे गारन्टी पूर्ण करते हैं ।

समापक (Liquidator) ने सम्पत्तियों के विक्रय से निम्नानुसार वसूलात की :

फ्रीहोल्ड फेक्टरी ₹ 7,00,000; प्लान्ट और मशीनरी ₹ 2,40,000; मोटरवाहन ₹ 59,000; स्टोक ₹ 1,50,000; देनदार ₹ 60,000 । बाकी हप्ता की रकम वसूल कर ली है ।

लेनदारों को 5% बट्टा काटकर भुगतान किया । ऋणपत्रों और उन पर बकाया ब्याज ता. 31-3-2013 के रोज भुगतान किया । समापन खर्च ₹ 3,750 हुआ । समापक का पारिश्रमिक सम्पत्तियों की वसूली रकम का 2.5% के अनुसार गिनना है ।

समापक का हिसाबी पत्रक (Statement of Account) तैयार कीजिये ।

**अथवा**

2. कोर्पोरेशन बैंक लि. के ता. 31-3-2013 की सकल तलपट में निम्नानुसार कुछ बाकियाँ थी : **12**

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (A) | भुनवाई हुंडियाँ | 37,92,000 |
| (B) | भुनवाई हुंडियाँ पर रिबेट (ता. 31-3-2012 के रोज) | 39,480 |
| (C) | प्राप्त बट्टा | 2,18,124 |

भुनवाई हुंडियों के विश्लेषण की जानकारी निम्नानुसार है :

| **रकम ₹** | **पकने की तारीख 2013** | **बट्टा का दर** |
|---|---|---|
| 4,20,000 | जून 4 | 5% |
| 13,08,000 | जून 10 | 4.5% |
| 8,46,000 | जून 24 | 6% |
| 12,18,000 | जुलाई 5 | 4% |
| **37,92,000** | | |

2012-13 के लाभ-हानि खाते में प्राप्त बट्टा की कितनी रकम जमा करनी, वह ज्ञात कीजिये और उस संबंध में आवश्यक रोजनामचा लिखिये और बट्टा खाता तैयार कीजिये ।

3. निम्नलिखित सामान्य व्यापारी प्रवृत्ति (Single Account System) से तैयार किया गया चिट्ठा दिया है । उस पर से तैयार कीजिये : **12**

(A) पूँजीगत आय-खर्च खाता (Capital Income and Expenditure Account)

(B) सामान्य चिट्ठा (General Balance Sheet)

(C) शुद्ध महेसूली खाता (Net Revenue Account)

**31-3-2013 के रोज का चिट्ठा**

| **दायित्व** | | **₹** | **सम्पत्तियाँ** | | **₹** |
|---|---|---|---|---|---|
| अधिकृत पूँजी : | | | जमीन तथा मकान : | | |
| 2,00,000 अंश प्रत्येक | | | 1-4-12 बाकी | 80,00,000 | |
| ₹ 100 | | 2,00,00,000 | + चालू वर्ष का | 2,00,000 | 82,00,000 |
| भरपाई पूँजी : | | | मोटर ट्रक्स : | | |
| 1,60,000 अंश प्रत्येक | | | 1-4-12 बाकी | 4,00,000 | |
| ₹ 100 का ₹ 75 भरपाई | | 1,20,00,000 | + चालू वर्ष का | 2,00,000 | 6,00,000 |
| वर्ष दौरान 20,000 अंश | | | मीटर्स एवं मेन्स : | | |
| प्रत्येक ₹ 100 का ₹ 50 | | | 1-4-12 बाकी | 60,00,000 | |
| मंगावेल | | 10,00,000 | + चालू वर्ष का | 12,00,000 | 72,00,000 |
| 6% ऋणपत्र : | | 1,30,00,000 | देनदार | | 16,60,000 |
| पिछली बाकी : | 80,00,000 | | स्टोर्स एवं स्पेर पार्ट्स | | 31,40,000 |
| जोड़ो : चालू वर्ष का | 40,00,000 | 1,20,00,000 | | | |
| अनामत फंड | | 5,60,000 | विनियोग (लागत कीमत) | | 8,00,000 |
| स्टाफ प्रो. फंड : | | | | | |
| पिछली बाकी | 1,20,000 | | रोकड़ तथा प्रतिफल | | 59,64,000 |
| जोड़ो : चालू वर्ष का | 16,000 | 1,36,000 | | | |
| लेनदार | | 6,00,000 | | | |
| बैंक लोन | | 2,00,000 | | | |
| लाभ-हानि खाता : | | | | | |
| 1-4-12 की बाकी 84,000 | | | | | |
| 31-3-13 | | | | | |
| का लाभ 13,00,000 | 13,84,000 | | | | |
| घटाओ : | | | | | |
| अन्तरिम लाभांश 2,40,000 | | | | | |
| स्टाफ प्रो. फंड 16,000 | | | | | |
| अनामत फंड 60,000 | 3,16,000 | 10,68,000 | | | |
| | | **2,75,64,000** | | | **2,75,64,000** |

**अथवा**

3. (A) हिसाबी मानक (AS) किसे कहते हैं ? इसकी उपयोगिता समझाइये । **12**

(B) कोई एक टिप्पणी लिखिये :

(1) बोनस अंश एवं प्रति अंश कमाई (EPS)

(2) प्रति अंश मंद हुई कमाई

4. (A) अंकेक्षण की परिभाषा दीजिये और इसके लाभों की चर्चा कीजिये । **12**

(B) अंकेक्षण के उद्देश्यों में छल-कपट (Fraud) को खोजना एवं उसकी रोकथाम को सविस्तार से समझाइये ।

**अथवा**

(A) अंकेक्षण के प्रकार बताइये और किसी एक का विस्तार से वर्णन कीजिये ।

(B) नये अंकेक्षण के प्रारंभ करते समय ध्यान में रखे जाने वाले मुद्दों की चर्चा कीजिये ।

5. (A) रोकड़ बिक्री संबंधी आन्तरिक जाँच पद्धति की चर्चा कीजिये । **12**

(B) टीमींग एन्ड लेन्डींग पद्धति पर टिप्पणी लिखिये ।

(C) अंकेक्षण नोट और अंकेक्षण कार्यक्रम के बीच अंतर बताइये ।

**अथवा**

(A) निम्नलिखित का वाउचिंग किस प्रकार करेंगे ?

(i) आयकर रीफंड

(ii) पैटेन्ट और कॉपीराइट

(B) निम्नलिखित का सत्यापन एवं मूल्यांकन किस प्रकार करेंगे ?

(i) प्लान्ट और मशीनरी

(ii) बैंक ओवरड्राफ्ट

(C) अंकेक्षण के दीवानी और फौजदारी दायित्वों की चर्चा कीजिये ।

6. निम्नलिखित प्रश्नों के दिये गये उत्तरों में से सही विकल्प ढूँढ़ कर उत्तर लिखिये : **10**

(1) निम्नलिखित संस्थाओं में से ख्याति किसकी नहीं होगी ?

(A) पूजा नर्सिंग होम

(B) एन.एम. प्रकाशन

(C) सवानी ट्रान्सपोर्ट कम्पनी

(D) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया

(2) निम्नलिखित में से कौन पूर्वाधिकार लेनदार नहीं है ?

(A) मुक्त होते कर्मचारियों की जमा छुट्टियों का वेतन

(B) कर्मचारी राज्य बीमा योजना में कम्पनी का अंशदान (गत 12 मास का देय)

(C) सरकार को चुकाने कर (गत 12 मास में देय)

(D) कर्मचारी का वेतन (10 मास का या वास्तविक या ₹ 50,000 जो कम हो)

(3) एक बैंक की अधिकृत पूँजी ₹ 40,00,000 है । अधिकृत पूँजी मंगवाई गयी पूँजी से दोगुनी है और भरपाई पूँजी मंगवायी गयी पूँजी से आधी है । यदि वैधानिक अनामत फंड ₹ 8,00,000 हो और वर्ष दौरान का लाभ ₹ 5,00,000 हो, तो वैधानिक अनामत फंड खाते ले जाने वाली कम से कम रकम होगी

(A) ₹ 1,25,000 (B) ₹ 50,000

(C) ₹ 2,00,000 (D) ₹ 1,00,000

(4) हिसाबी मानक-20 (AS-20) किसको लागू पड़ता है ?

(A) अदृश्य सम्पत्तियों

(B) विकास खर्च

(C) ख्याति

(D) प्रति अंश अर्जन

(5) निम्नलिखित में से कौन सा विधान सही है ?

(A) अंकेक्षण का उद्देश्य सभी व्यवहार लिखने का है ।

(B) सकल तलपट तैयार होते ही तुरन्त अंकेक्षण का कार्य शुरू होता है ।

(C) अंकेक्षक को बैंक के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए धंधा की रिपोर्ट तैयार करनी पड़ती है ।

(D) भारत में, कम्पनी का अंकेक्षक चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट (CA) होना चाहिए ।

(6) निम्नलिखित में से कौन सी भूल "लेखन अशुद्धि (Clerical Error)" नहीं गिनी जाती ?

(A) सहायक बहियों के योग की भूल

(B) किसी खाते का शेष गलत निकालना

(C) किसी खाते की गलत बाकी आगे खींचना

(D) महेसूली और पूँजीगत के बीच उपज-खर्च का गलत विभाजन

(7) “आन्तरिक अंकेक्षण का उद्देश्य” के सन्दर्भ में कौन सा विधान सही नहीं है ?

(A) इसके द्वारा हिसाबी पद्धति कार्यक्षम है, उसकी जाँच होती है ।

(B) इसके कारण वार्षिक हिसाब जल्दी से तैयार होते हैं ।

(C) कम्पनी द्वारा निर्धारित नीतियों, योजनाओं एवं कार्यवाही का योग्य रीति से पालन होता है ।

(D) इसके कारण वार्षिक अंकेक्षण करना जरूरी नहीं होता ।

(8) निम्नलिखित में से कौन सा विधान “आन्तरिक जाँच” का एक उद्देश्य नहीं है ?

(A) कर्मचारी द्वारा हुई भूल ढूँढ़ना और उसे रोकना ।

(B) कर्मचारी द्वारा की गयी छल-कपट को ढूँढ़ना और उसे रोकना ।

(C) ऐसी हिसाबी पद्धति अपनाना की जिससे वार्षिक हिसाब जल्दी से तैयार हों ।

(D) ग्राहकों को दी जाने वाली सेवा या माल की गुणवत्ता में सुधार करना ।

(9) स्थायी सम्पत्तियों की बिक्री की उपज का वाउचिंग करने के लिए कौन सा वाउचर योग्य नहीं है ?

(A) स्थायी सम्पत्ति के क्रेता द्वारा दी रसीद

(B) क्रेता के साथ पत्रव्यवहार

(C) बैंक पास बुक

(D) बिक्री बीजक (अथवा केशमेमो)

(10) सम्पत्तियों के सत्यापन के संबंध में कौन सा विधान सही नहीं है ?

(A) धंधा के लिये ही सम्पत्ति प्राप्त की गयी है ।

(B) सम्पत्तियाँ वास्तव में अस्तित्व में हैं ।

(C) सम्पत्तियों का योग्य ढ़ंग से ही मूल्यांकन हुआ है ।

(D) धंधा की सम्पत्तियों पर कोई भार है या नहीं, यह देखने की जरूरत नहीं है ।

---